आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 25.04.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश स्थित ट्रांजिट कैंप का औचक निरीक्षण किया, कहा– चारधाम यात्रा को सुगम, सुरक्षित और दिव्य बनाना, सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
- प्रदेश में डेंगू की रोकथाम को लेकर सरकार ने एडवाइज़री जारी की।
- शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में देहरादून में आयोजित विद्यालयी शिक्षा विभाग की मंडल स्तरीय बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।
- ऊधमसिंह नगर जिला योजना समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के लिये करीब 74 करोड़ रुपए की धनराशि का अनुमोदन।

मुख्यमंत्री निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऋषिकेश स्थित ट्रांजिट कैंप का औचक निरीक्षण कर चारधाम यात्रा पंजीकरण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पंजीकरण प्रक्रिया, चिकित्सा सहायता, प्रतीक्षा कक्ष व अन्य सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को सुगम, सुरक्षित और दिव्य बनाना, प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री धामी ने कहा कि श्रद्धालु से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं के साथ ही ट्रांजिट कैंप को आधुनिक और सशक्त बनाया गया है। उन्होंने अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

डेंगू रोकथाम

प्रदेश में डेंगू की रोकथाम को लेकर सरकार ने सख्ती दिखाते हुए सभी विभागों को एकजुट होकर काम करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देश पर स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने सभी संबंधित विभागों को इस संबंध में दिशा–निर्देश जारी किये है।

स्वास्थ्य सचिव की ओर से जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि डेंगू फैलाने वाला मच्छर साफ जमा पानी में पनपता है, इसलिए ऐसे स्थलों की समय रहते पहचान कर सफाई जरूरी है।

डॉ. कुमार ने बताया कि राज्यभर में अंतरविभागीय समन्वय से साफ–सफाई, जल निकासी और जन जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। नगर निगम, ग्राम पंचायतें और शहरी विकास विभाग पुराने टायर, खाली प्लॉट, निर्माण स्थल और पानी जमा होने वाली जगहों की सफाई कर रहे हैं। लोगों को सप्ताह में एक बार कूलर, पानी की टंकियों और बर्तनों की सफाई करने की सलाह दी जा रही है।

शिक्षा विभाग स्कूलों के माध्यम से छात्रों को जागरूक कर रहा है, जो घर जाकर परिवारों को डेंगू से बचाव की जानकारी दे रहे हैं। सिंचाई और जल निगम विभाग जल निकासी व्यवस्था सुधारने में जुटे हैं। स्वास्थ्य विभाग घर–घर जाकर मच्छरों के संभावित प्रजनन स्थलों की जांच कर उन्हें नष्ट कर रहा है। अस्पतालों और क्लीनिकों में विशेष शिविर लगाकर डेंगू की पहचान और उपचार की व्यवस्था की गई है। सरकार ने सभी विभागों और नागरिकों से सहयोग की अपील की है ताकि राज्य को डेंगू मुक्त बनाया जा सके।

बैठक चम्पावत

प्रमुख सचिव नियोजन, डॉ. आर. मीनाक्षी सुन्दरम ने चम्पावत जिले के टनकपुर, बनबसा में एडवेंचर स्पोर्ट्स के क्षेत्र में संभावित निवेश को लेकर अन्तर्राष्ट्रीय निवेशकों और खिलाड़ियों के साथ बैठक कर एडवेंचर स्पोर्ट्स, ऐयरो स्पोर्ट्स की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने शारदा कॉरिडोर के अंतर्गत प्रस्तावित एडवेंचर स्पोर्ट्स स्थलों का निवेशकों के साथ हवाई सर्वेक्षण भी किया। डॉ. सुंदरम ने कहा कि सरकार शारदा कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत वैश्विक निवेश को प्रोत्साहित करते हुए इस क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय स्तर का एडवेंचर स्पोर्ट्स हब बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ सुंदरम ने कहा कि प्रदेश में एरो स्पोर्ट्स व एडवेंचर की बहुत सम्भावना है, जिसके तहत न्यूजीलैंड सहित कुछ देशों से निवेशक यहां आए हुए हैं, जिन्हें सम्भावित स्थलों को दिखाया गया है।

हिमालय पुत्र श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, कुशल प्रशासक 'हिमालय पुत्र' हेमवती नंदन बहुगुणा की 106वीं जयंती के अवसर पर देहरादून में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री धामी ने कहा कि स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा का जीवन काफी संघर्षपूर्ण रहा, लेकिन फिर भी वे हिमालय की तरह अडिग रहे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय बहुगुणा, पर्वतीय क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा समर्पित रहे।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने शासकीय आवास पर स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें श्रद्धा–सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

शिक्षा मंत्री बैठक

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में विद्यालयी शिक्षा विभाग की मंडल स्तरीय बैठक ली। बैठक में विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर चर्चा की गई। शिक्षा मंत्री ने क्लस्टर विद्यालय और डी व सी विद्यालयों के निर्माण को शीघ्र पूरा करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। इसके अलावा उन्होंने विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने, मुख्यमंत्री नवोन्मेषी विद्यालय

योजना, आवासीय छात्रावास और सीएम पोषण योजना के ठोस क्रियान्वयन के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

## कृषि मंत्री बैठक

कृषि मंत्री व ऊधमसिंह नगर जिले के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी की अध्यक्षता में रुद्रपुर में जिला योजना समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के लिये करीब 74 करोड़ रुपए की धनराशि का अनुमोदन किया गया। यह प्रदेश की पहली ज़िला योजना की बैठक है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के आधार पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला योजना जिले के विकास के लिए अति महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि, जनता द्वारा चुने गये प्रतिनिधि है, इसलिये जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव लेकर कार्ययोजना बनाई जानी चाहिए। श्री जोशी ने कहा कि राज्य स्तर पर लम्बित विकास कार्यों के प्रस्तावों में शीघ्र धनराशि उपलब्ध कराने के लिए शासन स्तर पर वार्ता की जायेगी। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सीएसआर मद के माध्यम से भी जिले में अति आवश्यक विकास कार्य कराए जाएं।

## ड्रोन दवा ट्रायल

हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज से कोटाबाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीच ड्रोन के जरिये दवा और ब्लड सैंपल भेजने का सफल ट्रायल किया गया। ड्रोन ने हल्द्वानी से कोटाबाग की दूरी 28 मिनट में सफलतापूर्वक तय की। इस दौरान देखा गया कि ड्रोन पांच किलो वजन ले जाने में सक्षम है या नहीं। साथ ही ड्रोन के जरिए भेजे गए ब्लड में किसी तरह की खराबी तो नहीं आई। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य अरुण जोशी ने बताया की इस सुविधा से लोगों को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि चिकित्सा के तौर पर आकस्मिक सेवाओं में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होगी।
ड्रोन के सफल ट्रायल के बाद चिकित्सकों के चेहरे भी खिले हुए हैं। उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में ड्रोन से दवा और ब्लड सैंपल भेजने की योजना से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में खासा सुधार देखने को मिलेगा।